मोखा में शुरु हुआ सात दिवसीय एनएसएस शिविर

हरिभूमि - 29/10/18

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

शासकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम मोखा में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया।

■ स्वयं सेवक प्रतिदिन सुबह निकालेंगे जागरुकता रैली

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मी नारायण कटेन्द्र थे, अध्यक्षता प्राचार्य डॉ जेएल बघेल ने की। विशेष अतिथि डामेश्वरी सिन्हा, ग्रामीण पटेल रामचरण सिन्हा, पदुम सिंह केशरी, उदय ठाकुर, प्राणनाथ कटेन्द्र, गोवर्धन यादव, पुरुषोत्तम कलिहारी, बालाराम नेवेन्द्र, महिला कमाण्डो अध्यक्ष भुनेश्वरी गोस्वामी थे। उद्बोधन के दौरान अतिथियों ने राष्ट्र की सेवा को सर्वोपरि बताया। उन्होंने कहा कि छात्र–छात्राओं को राष्ट्र की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इस दौरान प्रो. एलआर हिरवानी, खुशबू साहू, सविता गिलहरे, एमएल यादव सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन मनीश कुमार एवं शिविर नायिका वामिनी ने किया।

होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. केएल रावटे ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 2 नवम्बर तक चलने वाले इस शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रतिदिन सुबह स्वयं सेवकों द्वारा जनजागरुकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जाएगा। दोपहर में बौध्दिक परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी।